मूल्य 1 रु.
वर्षः 9 - अंक : 289, मुंबई, मंगलवार, 4 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर



बर्खास्त डीएसपी के ठिकानों पर...

## एनआईए का छापा

## पूर्व विधायक से भी आतंकी कनेक्शन के सिलसिले में पूछताछ होगी

संवाददाता

**श्रीनगर।** आतंकवादियों से कनेक्शन के चलते बर्खास्त किए गए डीएसपी देविंदर सिंह के ठिकानों पर एनआईए ने लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी छापा मारा। उसके त्राल स्थित पैतृक आवास पर छापा मारा गया है, हालांकि अभी तक पुलिस ने इस पर कुछ भी नहीं कहा है। हिजबुल मुजाहिदीन के कमांडर नवीद बाबू से संबंधों के सिलसिले में एनआईए पूर्व विधायक अब्दुल रशीद से भी पूछताछ करेगी। (शेष पृष्ठ 5 पर)

**2014 में लंगेट विधानसभा सीट पर जीते निर्दलीय विधायक रशीद इंजीनियर पर आतंकियों को फंडिंग का आरोप**

सबरीमालाः धर्मस्थलों पर...


## महिलाओं से भेदभाव

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वकीलों में मतभेद, बहस के मुद्दे अब हम तय करेंगे**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने सोमवार को सबरीमाला और अन्य धर्मस्थलों पर महिलाओं से भेदभाव के मुद्दे पर सुनवाई की। इस दौरान वरिष्ठ वकीलों ने बेंच से कहा कि वह सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश के मामले में दूसरे मामलों को नहीं जोड़ सकती। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, पूर्व अटॉर्नी जनरल के पाराशरण और पूर्व सॉलिसिटर जनरल रंजीत कुमार ने विरोध जाहिर किया। (शेष पृष्ठ 5 पर)



## मुंबई में डंपर और एसयूवी की टक्कर में 12 लोगों की मौत, पांच घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में डंपर और एसयूवी के बीच टक्कर से 12 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार रात 11 बजे हुई, जब बालू नारायण चौधरी अपने परिवार के साथ चिनचॉल में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद चोपडा गांव जा रहे थे। फैजपुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यावल तहसील के हिंगोला गांव के पास चोपडा-फैजपुर मार्ग पर सामने से आ रहे एक डंपर की एसयूवी से टक्कर हो गई। (शेष पृष्ठ 5 पर)

**जीप में सवार सभी 17 लोग शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे**

## कोरोना वायरस से केरल में दहशत



### राजकीय आपदा घोषित, सभी जिलों में अलर्ट

**केरल।** केरल सरकार ने कोरोना वायरस को अपने प्रदेश में राजकीय आपदा घोषित किया है। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के निर्देश पर इसकी घोषणा की गई। अलपुझा एनआईवी में इस बीमारी की जांच भी शुरू कर दी गई है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### रसातल में चली गई है भाजपा की संस्कृति -राकांपा

**मुंबई।** भारतीय संस्कृति व परंपरा की संरक्षक होने का दावा करनेवाली भाजपा के नेताओं ने भारतीय संस्कृति को रसातल में मिला दिया है। यह बात राकांपा विधायक विद्या चव्हाण ने कही। बता दें कि भाजपा नेता बबनराव लोणीकर द्वारा कहा गया था कि मोर्चा में भीड़ जुटाने के लिए मोर्चा बड़ा करो, तहसीलदार ह्यहीरोइनह्ण आएगी। लोणीकर के इस बयान का निषेध व्यक्त करते हुए विद्या चव्हाण ने उक्त बातें कहीं। भाजपा के मोर्चे में किसान सहभागी नहीं होते इसलिए लोणीकर ने एक महिला पर जिस तरह का बयान दिया है, यह विनयभंग का अपराध है। महिला अधिकारी का सम्मान करने की आवश्यकता है। महिला अधिकारी पर इस तरह का बयान लज्जास्पद है, ऐसा विद्या चव्हाण ने कहा। वहीं तहसीलदार संगठन के अध्यक्ष सुरेश बगले ने भाजपा नेता बबनराव लोणीकर द्वारा महिला अधिकारी पर दिए गए बयान पर निषेध व्यक्त करते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की है। कानून के अंतर्गत रहते हुए लोणीकर पर क्या कार्रवाई की जा सकती है? इसकी जानकारी लेने की बात संगठन के अध्यक्ष बगले ने कही।

भाजपा नेता बबनराव लोणीकर द्वारा महिला अधिकारी के संबंध में हीरोइन शब्द का उपयोग करने पर चारों तरफ से थू-थू होने लगी तो लोणीकर ने कहा कि तहसीलदार के संबंध में हीरोइन शब्द आदर के लिए उपयोग किया। विपक्ष हीरोइन शब्द को लेकर विवाद पैदा कर रहा है।

### एसी लोकल से हकालपट्टी !, वीडियो हुआ वायरल




**मुंबई।** मध्य रेलवे के ट्रांस हार्बर लाइन पर एसी लोकल की शुरूआत तो हो गई है लेकिन अभी भी हार्बर लाइन के यात्री साधारण व एसी लोकल के बीच के अंतर को नहीं समझ पाए हैं। जैसे ही दुल्हन की तरह नई नवेली एसी लोकल स्टेशन पर पहुंचती है, वैसे ही ट्रांस हार्बर के यात्री बड़ी ही उत्सुकता से एसी लोकल में चढ़ जाते हैं। उन्हें तब अपनी गलती का एहसास होता है, जब ट्रेन में मौजूद टीसी उचित टिकट न होने पर ट्रेन से उनकी हकालपट्टी करते हैं।

बता दें कि साधारण टिकट लेकर एसी लोकल में सफर करनेवाले यात्रियों की गलतफहमी से ट्रेन के टीसी भी भली-भांति परिचित हैं। इस लिए साधारण टिकट लेकर एसी लोकल में सफर करते पकड़े जाने पर टीसी जुमार्ना वसूलने की बजाए उन्हें समझा-बुझाकर एसी लोकल से उतार दे रहे हैं। कल ऐसा ही एक वीडियो वायरल हुआ, जो कि कोपरखैरने स्टेशन का है। कोपरखैरने स्टेशन पर जब एसी लोकल पहुंची तो कई यात्री एसी लोकल में चढ़ने के लिए उत्सुक थे लेकिन जब एसी लोकल से अन्य बेटिकट यात्रियों को टीसी उतारते हुए दिखे तब यात्रियों को अपनी गलती का एहसास हुआ। रेल यात्री संजना शिंदे ने बताया कि हार्बर लाइन पर सफर करनेवाले यात्रियों के बीच रेलवे को जागरूकता लानी चाहिए। कई यात्री ऐसे होते हैं, जिन्हें एसी लोकल की खूबियों और किराए के बारे में जानकारी नहीं है।

गौरतलब है कि मध्य रेलवे के ट्रांस हार्बर लाइन पर पनवेल से ठाणे के बीच एसी लोकल का परिचालन शुरू कर दिया गया है। एसी लोकल को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है लेकिन कई यात्री ऐसे भी हैं, जिन्हें एसी लोकल के किराए की जानकारी नहीं है और वे साधारण सेकेंड क्लास का टिकट लेकर सफर कर रहे हैं।

# मुम्बई में डंपर और एसयूवी की टक्कर में 10 लोगों की मौत

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में डंपर और एसयूवी के बीच टक्कर से 10 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए । पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार रात 11 बजे हुई, जब बालू नारायण चौधरी अपने परिवार के साथ चिनचॉल में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद चोपडा गांव जा रहे थे।

फैजपुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यावल तहसील के हिंगोला गांव के पास




चोपडा-फैजपुर मार्ग पर सामने से आ रहा एक डंपर की एसयूवी से टकर हो गई। उन्होंने बताया कि चौधरी, उसकी पत्नी और एसयूवी सवार अन्य आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि कार सवार अन्य सात लोग घायल हो गए, जिन्हें जलगांव के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि सभी पीड़ित मुक्ताई तहसील के चिनचॉल और मेहूल गांव के रहने वाले थे।

## पाइप लाइन फूटी, 3 दिन से नहीं आया पानी, बीएमसी का बहा पसीना

**मुंबई।** 24 घंटे पानी सप्लाई की योजना बना रही बीएमसी को मेट्रो-6 के पायलिंग के दौरान फूटी पाइप लाइन की मरम्मत करने में 80 घंटे से भी अधिक का समय लग गया। पाइप लाइन की मरम्मत में बीएमसी अधिकारियों के पसीने छूट गए। इस कारण विलेपार्ले (पूर्व) और (पश्चिम), अंधेरी और जोगेश्वरी के लाखों लोगों ने 72 घंटे से अधिक समय तक पानी की किल्लत का सामना किया।

बीएमसी ने दावा किया है कि रविवार सुबह से लोगों के घरों में पानी की नियमित सप्लाई शुरू हो जाएगी। पानी आपूर्ति ठप होने के दौरान करीब 400 टैंकर पानी लोगों को मुफ्त में उपलब्ध कराए गए। बीएमसी के अधिकारी ने बताया कि पानी की पाइप लाइन जमीन के 40 फुट नीचे फूटी है। पाइप लाइन जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड पर फूटी थी।

पाइप लाइन फूटने से अंधेरी के एसवी रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), गिलबर्ट हिल, जुहू लेन, बर्फी वाला रोड, आनंद नगर, जनता कॉलोनी, हनुमान नगर, गौतम नगर, अंबेवाडी, श्याम नगर, मेघवाडी, विलेपार्ले (पूर्व), सहार रोड, एनएस फडके रोड, गुंदवली सहित कई इलाकों में लोगों को पानी की भारी समस्या से जूझना पड़ा।

बीएमसी ने जनता को मुफ्त पानी मुहैया कराया था,



लेकिन उसमें शर्त यह थी कि जिसे पानी चाहिए उसे खुद ही टैंकर की व्यवस्था करनी पड़ेगी। इसके लिए लोगों को बीएमसी के पूर्व वॉर्ड के कार्यालय में ऐप्लिकेशन देकर परमिशन लेनी पड़ती थी। बीएमसी ने इमर्जेंसी फिलिंग पॉइंट शुरू किया था, जहां से पानी भरने के लिए टैंकर की लाइन लगी रही। पानी की किल्लत का फायदा प्राइवेट टैंकर वालों ने जनता से खूब उठाया। बीएमसी कार्यालय आए घनश्याम यादव ने बताया कि ढाई से तीन हजार में मिलने वाले टैंकर के लिए पांच हजार रुपये मांगे जा रहे थे।

### तीन महीने पहले जेल तोड़कर हुआ था फरार, पकड़ा गया

**ठाणे।** नवी मुंबई की तलोजा जेल तोड़ कर अक्टूबर 2019 से फरार चल रहे सेंधमारी के मामले में दोषी ठहराए गए 25 वर्षीय व्यक्ति को पड़ोस के पालघर जिले में पकड़ लिया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।



पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सेंधमारी के मामले में सजा काट रहा राजेश जाधव 11 अक्टूबर को जेल से भाग गया था। उन्होंने बताया कि उसके बार-बार जगह बदल लेने के चलते उसे गिरफ्तार करना मुश्किल हो रहा था।

पुलिस के अनुसार उसे गुप्त सूचना पर गुरुवार को पालघर जिले के नालासोपारा से पकड़ा गया और नवी मुंबई मे खारघर पुलिस को सौंप दिया गया। जेल खारघर के पास तलोजा में स्थित है।

## पानी के जहाजों के लिए बन रही है प्राइवेट पार्किंग

**मुंबई।** मुंबई में समंदर किनारे जल्द ही यॉट के लिए पार्किंग बनाने का काम शुरू हो जाएगा। समंदर में होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने मरीना प्रॉजेक्ट का कार्य शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए फरवरी के दूसरे सप्ताह में निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।

बीते कुछ समय से मुंबई पोर्ट ट्रस्ट की जमीन पर विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके तहत 360 करोड़ रुपये की लागत से मरीना प्रॉजेक्ट तैयार किया जा रहा है। मुंबई के प्रिंसेस डॉक में 300 यॉट की एक साथ खड़े होने की व्यवस्था की जाएगी। महानगर में मौजूदा समय में 250 से अधिक निजी यॉट, जो गेट वे ऑफ इंडिया के करीब खड़े रहते हैं। इससे प्रदूषण के साथ ही गेट वे



ऑफ इंडिया की सुंदरता भी प्रभावित हो रही है।

निजी यॉट के पार्किंग स्थल के निर्माण के लिए 360 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रिंसेस डॉक के कुल 8 हेक्टेयर क्षेत्र का इस्तेमाल मरीना प्रॉजेक्ट के लिए किया जाएगा। पीपीपी मॉडल के तहत मरीना का निर्माण किया जाएगा। निविदा प्राप्त होने के बाद जुलाई में अग्रीमेंट किया जाएगा। इसके कुछ महीने में बाद मरीना का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। तीन साल में इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय भाटिया के अनुसार, मरीना में यॉट की पार्किंग के साथ ही उनकी मरम्मत की भी व्यवस्था होगी। इसके साथ ही मरीना में क्लब और होटल का भी निर्माण किया जाएगा। साथ ही यॉट के लिए पेट्रोल भी मरीना में ही उपलब्ध होगी। यॉट के लिए मुंबई में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने की वजह से यॉट मालिकों को कई दिक्क्तों का सामना करना पड़ा था। मॉनसून के दौरान यॉट को पार्क करने के लिए अलीबाग भेजा जाता है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# 'सीएम बनना मेरा सपना नहीं था, हम हिंदुत्ववादी हैं और रहेंगे'-उद्धव ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शिवसेना के मुखपत्र सामना को दिए एक इंटरव्यू में कहा है कि मुख्यमंत्री बनना उनका सपना नहीं था। सामना के कार्यकारी संपादक और शिवसेना नेता संजय राउत को दिए इस साक्षात्कार में उद्धव ने बेबाकी से कई मुद्दों पर अपने विचार रखे। उद्धव ने इस दौरान बीजेपी से गठबंधन टूटने पर कहा कि मैंने क्या मांगा था बीजेपी से? जो तय था वही न! मैंने उनसे चांद-तारे मांगे थे क्या? साथ ही उद्धव ने पीएम मोदी और देवेंद्र फडणवीस का जिक्र करते हुए कहा कि दो भाइयों की कैंची में वह फंस गए। सीएम पद के कांटों का ताज होने के सवाल पर उद्धव ने कहा कि कंटीले पौधे में गुलाब भी खिलता है। शिवसेना सुप्रीमो ने हिंदुत्व के मुद्दे पर कहा कि हम हिंदुत्ववादी हैं और रहेंगे। एक नजर इस इंटरव्यू की खास बातों परः

**संजय राउत–** उद्धव जी, आप झटके से उबर गए हैं क्या?

**उद्धव ठाकरे–** मैं शिवसेना प्रमुख का पुत्र हूं। झटका देने का प्रयास कइयों ने करके देखा है। लेकिन किसी को भी वो जमा नहीं। लेकिन शिवसेना प्रमुख ने जो झटका कइ लोगों को दिया है, उससे वे लोग अभी भी उबरते हुए नहीं दिखाई दे रहे। आपने शतरंज का जिक्र किया था, शतरंज दिमाग से खेला जानेवाला खेल निश्चित रूप से है लेकिन प्यादा, हाथी, घोड़ा, राजा, वजीर, ऊंट हर एक की चाल हम ध्यान में रखें तो शतरंज खेलना कठिन है, ऐसा मुझे नहीं लगता।

**संजय राउत–** उद्धव जी, शतरंज एक प्रतिष्ठित खेल है। सही मायने में वहां बुद्धि का इस्तेमाल करना होता है।

**उद्धव ठाकरे–** निश्चित ही। परंतु बुद्धि अगर हो तो न।

**संजय राउत–** लेकिन महाराष्ट्र में इस शतरंज के खेल में षड्यंत्र और चालबाजी का स्वरूप आ गया है। आपने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली यही बड़ा झटका था, ऐसा नहीं लगता क्या?

**उद्धव ठाकरे–** नहीं मुख्यमंत्री की कुर्सी को स्वीकार करना न तो मेरे लिए झटका था और न ही मेरा सपना था। अत्यंत ईमानदारी से मैं यह कबूल करता हूं। बालासाहेब को दिए वचन को निभाने के लिए किसी भी स्तर तक जाने की मेरी तैयारी थी। उससे भी आगे जाकर एक बात मैं साफ करता हूं कि मेरा मुख्यमंत्री पद वचन निभाने के लिए नहीं बल्कि वचन निभाने की दिशा में उठाया गया एक कदम है। उस ओर आगे बढ़ने के लिए मैंने मन से किसी भी स्तर तक जाने का तय किया था। अपने पिता को दिए गए वचन को पूरा करना ही है और मैं वह करूंगा ही।

**संजय राउत–** परंतु इसे करने के लिए आपको तत्वों और ठाकरे परिवार की परंपरा को तोड़ना पड़ा, ऐसा नहीं लगता क्या?

**उद्धव ठाकरे–** हां, सही है। आप जैसा कहते हैं वैसा है। निश्चित ही है। परंतु अंततः ऐसा था कि...शिवसेना प्रमुख ने जिंदगी में कभी भी सत्ता का कोई भी पद नहीं स्वीकारा। मेरी भी ऐसी इच्छा नहीं थी, बिल्कुल भी नहीं।

**संजय राउत–** मातोश्री और शक्ति ये दो बातें हमेशा एक साथ रही हैं

**उद्धव ठाकरे–** लेकिन जब मुझे आभास हुआ कि जिनके साथ हम हैं अथवा थे, उनके साथ रहकर मैं अपनी वचनपूर्ति की दिशा में जा नहीं सकता और उस वचनपूर्ति के लिए यदि मुझे अलग दिशा स्वीकारनी होगी तो वैसी तैयारी होनी चाहिए उसके लिए, यदि मुझे ऐसी बड़ी जिम्मेदारी स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा तो मेरे लिए लाइलाज था। वह जिम्मेदारी स्वीकार करनी ही पड़ी।

**संजय राउत–** हमेशा ऐसा कहते हैं कि मुख्यमंत्री का पद मतलब कांटों से भरी कुर्सी होती है या कांटों का ताज होता है। आपको इस कुर्सी पर बैठकर ऐसा लगा क्या?

**उद्धव ठाकरे–** नहीं! मुझे ऐसा नहीं लगता। इसकी वजह यह है कि कंटीला ही होता है लेकिन उसी कंटीले पौधे में गुलाब भी खिलता है और गुलाब के गुलकंद से जिन्हें बदहजमी होती है, ऐसे लोगों का उपचार भी होता है।

## मुस्लिम आरक्षण की वापसी के लिए कानूनी सलाह लेगी उद्धव सरकार



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार प्रदेश में मुस्लिमों का पांच फीसदी आरक्षण वापस लाने पर विचार कर रही है। शनिवार को प्रदेश के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नवाब मलिक ने कहा कि उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली राज्य सरकार प्रदेश में पांच फीसदी मुस्लिम आरक्षण वापस लाने के लिए कानूनी सलाह लेगी।

मलिक ने कहा कि मुसलमानों के लिए आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रदेश में सत्तारूढ़ महाराष्ट्र विकास अघाडी के न्यूनतम साझा कार्यक्रम में शामिल है जिसे पिछले साल सत्ता में आने से पहले अघाड़ी के घटकों (शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस) ने मिल कर बनाया था। मलिक ने कहा, 'मुस्लिमों के लिए आरक्षण की व्यवस्था वापस लाने के लिए हम लोग कानूनी सलाह लेंगे। अब तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं किया गया है लेकिन निश्चित तौर पर इस दिशा में कदम उठाये जाएंगे।'

महाराष्ट्र में साल 2014 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जून महीने में प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सरकार ने मुस्लिमों के लिए पांच फीसदी के आरक्षण की व्यवस्था की थी और इस संबंध में अध्यादेश भी जारी किया था।

## रात में हथियार लेकर सड़कों पर घूमे अराजकतत्व, 50 से ज्यादा वाहनों में की तोड़फोड़





**पुणे।** शनिवार रात अराजकतत्वों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में 50 से ज्यादा वाहनों में तोड़फोड़ की। सहकार नागर इलाके में 40 से ज्यादा, जबकि पिंपरी, चिंचवड़, अजिंठा नागर में 10 से ज्यादा वाहनों को अराजकतत्वों ने नुकसान पहुंचाया है।

हमलावर हथियार लिए देर रात सड़कों पर घूम रहे थे। रास्तों पर खड़ी गाड़ियों को उन्होंने निशाना बनाया। आरोपियों के पास हथियार होने के कारण कोई भी उन्हें रोकने की हिम्मत नहीं जुटा सका। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश वहां से भाग निकले।

पिछले कुछ दिनों में शहर के कई परिसरों में ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं को देखने के बाद पुलिस प्रशासन के कामकाज को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन इन अपराधियों को रोक पाने में नाकामयाब होता दिखाई दे रहा है।

## सायन फ्लाइओवर का काम सड़क का ट्रैफिक होगा जाम!, ५२ दिन के लिए बंद होगा फ्लाइओवर

मुंबई। मुंबई में चल रहे मेट्रो निर्माण कार्यो के चलते पहले से ही सड़कों पर हो रही ट्रैफिक समस्या से मुंबईकर परेशान हैं। पिछले साल सायन फ्लाइओवर का स्लैब गिरने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद फ्लाइओवर पर भी सवाल उठने लगे थे। इस घटना के बाद सायन फ्लाइओवर को दो महीने के लिए बंद रखने का पैष्ठसला महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरटीसी) ने लिया है। हाल ही में मुंबई ट्रैफिक पुलिस और एमएसआरडीसी की संयुक्त रूप से हुई बैठक के बाद सायन फ्लाइओवर को अगले सप्ताह से बंद करने का निर्णय लिया गया है। शहर के ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे को कनेक्ट करनेवाला सायन



फ्लाइओवर आगामी ५२ दिनों के लिए अगले सप्ताह से बंद किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक सायन फ्लाइओवर को पूरी तरह से बंद नहीं किया जाएगा। शुरूआत के ३२ दिन फ्लाइओवर को गुरुवार की रात १२ बजे से रविवार की रात १२ बजे तक बंद रखा जाएगा। इसके बाद बाकी के २० दिन पूरी तरह से बंद रखा जाएगा। आगामी सप्ताह से फ्लाइओवर पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। फ्लाइओवर के निर्माणकार्य के दौरान सड़क का ट्रैफिक और भी जाम होने की गुंजाइश बढ़ गई है। बता दें कि महाराष्ट्र राज्य सड़क यातायात कॉरपोरेशन अगले सप्ताह से करीब ५२ दिनों के लिए सायन फ्लाइओवर को बंद करने जा रहा है। ब्रिज के बंद होने से मुंबईकरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि इस फ्लाइओवर से होकर रोजाना हजारों वाहन मुंबई की ओर जाते हैं। कुछ माह पहले सायन फ्लाइओवर का स्लैब गिरने से एमएसआरडीसी ने भारी वाहनों के आवाजाही पर रोक लगा दी थी। जानकारी के मुताबिक १.१ किमी लंबे सायन फ्लाइओवर के लगभग १७० बैरिंग बदले जाएंगे और इस काम को पूरा करने में करीब २ महीने का समय लगेगा। फ्लाइओवर बंद होने से व्यस्ततम समय में सड़कों पर भारी ट्रैफिक होने की आशंका है। हालांकि मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने यातायात को सुव्यवस्थित चलाने के लिए बैरिकेड लगाने सहित ट्रैफिक मैनेजमेंट की योजना बना रही है। सायन फ्लाइओवर लगभग २९ साल पुराना है। फिलहाल फ्लाइओवर की बैरिंग बदलने के लिए ६ करोड़ का खर्च आएगा।

# उद्धव ठाकरे ने बजट को बताया निराशाजनक

## कहा : महाराष्ट्र के साथ न्याय नहीं किया गया



- सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा- बजट में श्रमिकों को भी परेशानी में डाला गया है
- देश में विकास के इंजन महाराष्ट्र-मुंबई को बजट में नजरअंदाज किया गया
- कभी भाजपा के सहयोगी रहे उद्धव ठाकरे ने कहा- वास्तविकता से दूर है बजट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा- देश में विकास के इंजन महाराष्ट्र और मुंबई के साथ बजट में अन्याय किया गया है। कभी भाजपा के सहयोगी रहे ठाकरे ने कहा- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट वास्तविकता से दूर है। बजट में किसानों, महिलाओं, बच्चों और विकलांगों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। ठाकरे ने कहा- यह बजट मुंबई में बुनियादी सुविधाओं के विकास और मेगापोलिस में मेट्रो परियोजनाओं के विकास का समर्थन नहीं करता है। उपनगरीय रेलवे नेटवर्क (मुंबई में) और प्रस्तावित लाइनों (मध्य और पश्चिमी रेलवे मार्गों पर) के विकास का कोई उल्लेख नहीं है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जैसी परियोजनाओं की घोषणा के अलावा राज्य में रेलवे नेटवर्क के विकास को कोई गति नहीं दी गई है।उन्होंने केंद्र पर सांस्कृतिक रूप से समृद्ध महाराष्ट्र के किसी भी स्थल को आईकॉनिक बनाने पर विचार नहीं करने पर भी सवाल उठाया है। ज्ञात हो कि वित्त मंत्री ने बजट में राखीगढ़ी (हरियाणा), हस्तिनापुर (उत्तर प्रदेश), शिवसागर (असम), धोलावीरा (गुजरात) और आदिचेनल्लूर (तमिलनाडु) को आईकॉनिक स्थलों के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। ठाकरे ने कहा- गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय वित्त केंद्र को मजबूत किया गया है, जबकि देश के विकास में सबसे अधिक योगदान देने वाले मुंबई को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा- एलआईसी में हिस्सेदारी को विभाजित करने और रेलवे के संभावित निजीकरण में अर्थव्यवस्था की अनिश्चित स्थिति दिखाई देती है। चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर 5 प्रतिशत है, जबकि 2020-21 के आर्थिक सर्वेक्षण में 6 से 6.5 प्रतिशत का अनुमान था। विकास दर की इस वृद्धि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाले देश बनाने के सपने को हासिल करने की क्षमता नहीं है।उन्होंने वित्त मंत्री के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स ने स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एसएमई) को राहत दी है। ठाकरे ने कहा- रोजगार पैदा करने वाले उद्योगों को प्रोत्साहित करने की जरूरत थी। लेकिन बजट में इस तरह के कदमों की घोषणा नहीं की गई। छोटे और मध्यम उद्यमों को जीएसटी के आधार पर बदल दिया गया है। लोगों की क्रय शक्ति कम हो गई है, जिससे छोटे पैमाने के उद्योग प्रभावित हुए हैं। श्रमिकों को परेशानी में डाला गया है।

## फडणवीस सरकार ने विज्ञापन पर उड़ाए 15 करोड़

**मुंबई।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सरकार ने पिछले 5 साल में विज्ञापनों पर 15 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि सरकारी खजाने से उड़ाई। अगर प्रतिदिन के हिसाब से इसका आंकड़ा निकाला जाए, तो यह राशि करीब 80 हजार होगी। वह भी टीवी और रेडियो के विज्ञापनों पर, जिसमें अखबार शामिल नहीं हैं। यह जानकारी आरटीआई से सामने आई है। आरटीआई के जरिये नितिन यादव ने यह जानकारी जुटाई है। आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, फडणवीस सरकार ने 2017-18 में टीवी चैनलों पर विज्ञापनों के लिए करीब 5,99,97,520 रुपये खर्च किए हैं और इसी साल रेडियो पर विज्ञापनों पर 1 करोड़ 20 लाख 69 हजार 877 रुपये खर्च किए। फडणवीस सरकार के पांच साल के कार्यकाल में हर साल विज्ञापनबाजी पर उड़ाई जाने वाली रकम बढ़ती ही गई है। 2013-2014 में रेडियो के जरिए होने वाले विज्ञापनों पर केवल 59 लाख 96 हजार 291 रुपये खर्च किए गए थे। वहीं भाजपा की फडणवीस सरकार कार्यकाल के आखरी साल यानी 2018-2019 में सिर्फ रेडियो पर विज्ञापनों में 1 करोड़ 85 लाख 72 हजार 887 रुपये सरकारी खजाने से खर्च कर दिए थे।

## ऑटो रिक्शे में छूटा जेवरों से भरा बैग

### रिक्शे मालिक ने थाने जाकर वापस किया



**मुंबई।** दहिसर पुलिस ने रिक्शे में छूटे 14 लाख के जेवर से भरे बैग को महज 1 घंटे में बरामद कर लिया। बैग वापस मिलने पर महिला ने खुशी जाहिर की है। महिला शादी से अपने घर दहिसर पूर्व रिक्शे से जा रही थी। महिला ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सीसीटीवी की मदद से रिक्शे का नंबर निकाला गया और रिक्शे मालिक को ट्रैक कर सारा सामान बरामद कर लिया गया। बैग में 355 ग्राम सोना था, जिसकी कीमत लगभग 14 लाख है। सहायक पुलिस आयुक्त सुहास पाटिल का कहना था कि पुलिस को सूचना मिलने के बाद तुरंत सीसीटीवी की मदद से रिक्शे का नंबर निकालकर रिक्शे के मालिक से बात की, जिसके बाद रिक्शे वाले ने बैग लाकर दहिसर पुलिस को वापस किया।

## गणेश आचार्य ने दर्ज कराई एफआईआर

### कहा- महिला कोरियोग्राफर उन्हें बदनाम कर रही, उसके आरोप गलत



**मुंबई।** कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने अब अपने खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला कोरियोग्राफर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। ओशिवारा थाने में शिकायत करते हुए गणेश ने कहा- महिला उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रही। उन पर लगाए गए आरोप सरासर गलत हैं। महिला कोरियोग्राफर ने गणेश के खिलाफ जबरन एडल्ट वीडियो दिखाने और मारपीट का आरोप लगाया था। गणेश ने अंधेरी इलाके में अपने परिवार और वकील के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा- पहली बात तो यह है कि मैं उस लड़की को जानता भी नहीं। उसने मेरे खिलाफ जो भी शिकायत दर्ज कराई है, वह सब कुछ गलत है। उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मेरा परिवार मेरे साथ है। मेरे परिवार को पता है कि गणेश अचार्य कभी गलत नहीं हो सकते हैं।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**बर्खास्त डीएसपी के ठिकानों पर एनआईए का छापा**

देविंदर सिंह को पुलिस ने पिछले महीने उस वक्त गिरफ्तार किया था, जब वह तीन आतंकियों को अपनी गाड़ी में जम्मू ले जा रहा था। अब्दुल रशीद पर आतंकियों को फंडिंग करने का आरोप है। देविंदर एनआईए की रिमांड में है और अब्दुल रशीद तिहाड़ में बंद है। इस बीच, अवंतीपोरा पुलिस ने जैश के ओवर ग्राउंड वर्कर मो. अमीन, मो. रफीक, फयाज लोन, मकबूल डार को गिरफ्तार किया। ये जैश को आतंकी गतिविधियों में मदद कर रहे थे और उन्हें ठिकाना भी मुहैया करवाते थे। इन लोगों ने जैश कमांडर कारी यासिर को भी ठिकाना मुहैया करवाया था, जिसे अवंतीपोरा में पिछले दिनों हुए एनकाउंटर में मार गिराया गया था। एनआईए और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को घाटी में आतंकियों के ओवरग्राउंड वर्कर फारूक अहमद ठाकोर और हिजबुल के आतंकी ओमर धोबी के शोपियां स्थित घरों पर छापे मारे। आतंकियों से संबंधों के चलते बर्खास्त किए गए डीएसपी देविंदर के त्राल स्थित पैतृक घर पर छापा मारा गया, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। रविवार को भी देविंदर के शोपियां स्थित घर पर एनआईए ने छापा मारा था। देविंदर को 11 जनवरी को पुलिस ने तब गिरफ्तार किया था, जब वह हिजबुल के आतंकियों नवीद बाबू, रफी अहमद और इरफान अहमद को अपनी गाड़ी से जम्मू ले जा रहा था।

**धर्मस्थलों पर महिलाओं से भेदभाव**

इन लोगों ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय आस्था और मौलिक अधिकारों से जुड़े इस बड़े मुद्दे का फैसला कर सकती है। 9 जजों की बेंच ने कहा- दोनों पक्षों के वकीलों में बहस के मुद्दे को लेकर मतभेद हैं। सभी वकीलों ने हमें सुझाव दिया कि हम मुद्दे तय करें और हम यह करेंगे। सुप्रीम कोर्ट 6 फरवरी को समयसीमा और मुद्दे तय करेगी। 9 सदस्यीय बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस आर भानुमती, जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस एल नागेश्वर राव, जस्टिस एमएम शांतानागौर, जस्टिस एसए नजीर, जस्टिस सुभाष रेड्डी, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। बेंच सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश, मस्जिदों में महिलाओं के प्रवेश, दाऊदी बोहरा मुस्लिम समुदाय की महिलाओं के खतना और पारसी महिलाओं के गैर-पारसी से शादी करने पर अग्निमंदिर (पूजा स्थल) में जाने से रोक समेत 7 ऐसे मुद्दों की सुनवाई कर रही है, जो आस्था और मौलिक अधिकारों से जुड़े हुए हैं। चीफ जस्टिस ने कहा- 5 जजों की बेंच ने सवाल तय किए। उन पर विचार जरूरी है। हम यहां सबरीमाला पुनर्विचार के लिए नहीं, बल्कि बड़े मुद्दे को तय करने के लिए बैठे हैं, जिसमें सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश की मांग जैसी मुस्लिम महिलाएं भी मस्जिद में प्रवेश मांग रही हैं। इसके साथ ही दाउदी बोहरा में महिलाओं का खतना और पारसी महिलाओं के दूसरे धर्म में शादी करने पर अगियारी पर रोक को चुनौती दी गई है। एक वर्ग का कहना है कि मुस्लिम महिलाएं मस्जिद में तो प्रवेश कर सकती है लेकिन वो पुरुषों के साथ इबादत नहीं कर सकतीं। वकील फली नरीमन ने 5 जजों की संविधान पीठ के फैसले को बड़ी बेंच को भेजने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सबरीमाला में महिलाओं के जाने पर पुनर्विचार करते हुए दूसरे धर्मों की परंपराओं को इसमें जोड़ दिया गया। इसकी जरूरत नहीं थी। इस पर बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर भी विचार करेंगे।

**मुंबई में डंपर और एसयूवी की टक्कर में 12 लोगों की मौत**

उन्होंने बताया कि चौधरी, उसकी पत्नी और एसयूवी सवार अन्य आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि कार सवार अन्य सात घायल हो गए, जिन्हें जलगांव के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था जिनमें से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि सभी पीड़ित मुक्ताई तहसील के चिनचॉल और मेहूल गांव के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि डम्पर चालक मुकुंद भंगेल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304अ (लापरवाही से मौत) और 279 (रैश ड्राइविंग) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मृतकों की पहचान बालू चौधरी, मंगला चौधरी, अश्लेषा चौधरी, रिया चौधरी, सोनाली चौधरी, प्रियंका चौधरी, सोनाली महाजन, सुमनबाई पाटिल, संगीता पाटिल, शिवम चौधरी और एसयूवी चालक धनराज कोली के रूप में की गई है।आधिकारिक तौर पर एक मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है।

**कोरोना वायरस से केरल में दहशत**

सभी जिलों को इस बाबत प्रभावी कदम उठाने का निर्देश जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार उन लोगों की लिस्ट बना रही है जो वुहान से लौटे हैं। इसके लिए इमीग्रेशन डिपार्टमेंट से संपर्क करने की तैयारी है। हर संदिग्ध मरीज पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोमवार को केरल से एक व्यक्ति के कोरोना वायरस के संक्रमित होने की खबर सामने आई है। हाल ही में शख्स ने चीन की यात्रा की थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि नोवेल कोरोना वायरस शख्स में पॉजिटिव पाया गया है। मरीज को अस्पताल में अलग रखा गया है। मरीज की हालत स्थिर है। स्वास्थ्य टीम मरीज की कड़ी निगरानी कर रही है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना वायरस के संबंध में नई एडवाइजरी जारी की थी।









# लोकसभा में अनुराग ठाकुर-प्रवेश वर्मा के भाषण के दौरान हंगामा

## विपक्ष ने 'गोली मारना बंद करो' के नारे लगाए, वॉकआउट किया



**संवाददाता**

**संसद** के बजट सत्र में सोमवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी के मुद्दे पर हंगामा हुआ। कांग्रेस, तृणमूल, माकपा और राजद समेत विपक्षी दलों के सांसदों ने लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर के भाषण का विरोध किया। लोकसभा में 'गोली मारना बंद करो, देश को तोड़ना बंद करो' के नारे लगाए। इसके साथ ही सीएए-एनआरसी पर प्रधानमंत्री मोदी से जवाब की मांग की। इसके बाद जब भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा भाषण दे रहे थे, तो विपक्ष विरोध जताते हुए सदन से वॉकआउट कर गया। ठाकुर ने पिछले हफ्ते एक रैली में देशद्रोहियों को गोली मारने के नारे लगवाए थे। इसके बाद से दिल्ली में प्रदर्शन स्थलों के पास फायरिंग की 3 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वर्मा ने शाहीन बाग को लेकर विवादित बयान दिया था। विपक्ष ने राज्यसभा में इन मुद्दों पर तत्काल चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। लोकसभा में एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने जामिया छात्रों के साथ मारपीट के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा- जामिया में छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट हुई। बेटियों को मारा गया, लेकिन सरकार को शर्म नहीं आई। सरकार छात्रों पर अत्याचार कर रही है।

**दशक का पहला बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू, संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा**

**लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस, लेफ्ट, तृणमूल ने हंगामा किया, प्रधानमंत्री से जवाब देने की मांग की**

### तृणमूल ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर ही सवाल उठाए

ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण में सीएए, एनआरसी और कश्मीर में प्रतिबंधों को शामिल नहीं करने पर सवाल उठाए हैं। पार्टी इसमें संशोधन की मांग कर रही है। तृणमूल सांसदों ने शुक्रवार को संसद (लोकसभा और राज्यसभा) के संयुक्त अधिवेशन में राष्ट्रपति के संबोधन के दौरान भी प्रदर्शन किया था।

**विपक्ष सीएए-एनआरसी के विरोध में:** विपक्ष ने संसद द्वारा पारित नागरिकता कानून को असंवैधानिक करार दिया है और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस पर इसी महीने सुनवाई होने वाली है। विपक्षी पार्टियों ने उन मुख्यमंत्रियों से एनपीआर लागू नहीं करने का आग्रह किया है, जो नागरिकता कानून का विरोध कर रहे हैं।


**बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू:** इस दशक का पहला बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को बजट पेश किया। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

### लोगों को बेरहमी से मार रही सरकार: अधीर रंजन

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सीएए-एनआरसी का विरोध करते हुए कहा- देश का आम आदमी संविधान बचाने के लिए विरोध कर रहा है। प्रदर्शनकारी संविधान हाथ में लेकर, राष्ट्रगान गाकर इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन उन पर गोलियां चलवाई जा रही हैं। भारत के लोगों को बेरहमी से मारा जा रहा है।

## ऑनलाइन खरीदारी का बढ़ता प्रचलन

**आजकल** ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते प्रचलन को लेकर नकली सामानों की बिक्री एक बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। वेलोसिटी एमआर द्वारा किए गए सर्वे के मुताबिक ऑनलाइन सामान मंगवाने वाले हर तीन ग्राहकों में से एक को पिछले छह माह में कोई ना कोई खराब सामान मिला है। इसी तरह लोकल सर्विस के सर्वे के अनुसार 38 प्रतिशत लोगों का कहना है कि उन्हें एक साल के अंदर ई-कॉमर्स साइट से कोई न कोई नकली खराब सामान मिला है। इस स्थिति में एक ऐसी गाइडलाइन घोषित की जानी चाहिए जो ऑनलाइन विक्रेता कंपनियों के लिए नियमों का निर्धारण करने में सक्षम साबित हो जिससे ग्राहक ठगी से बच सकें। ग्राहकों को भी चाहिए कि मंगवाये गए माल को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराने की तत्परता दिखाएं। वास्तव में समाज के पढ़े-लिखे लोग आगे आकर उपभोक्ता कानूनों का प्रचार-प्रसार कर आम जनता को इसके संबंध में जागरूक करें। हम लोगों को अपने व्यस्त समय में से कुछ क्षण निकाल कर उपभोक्ता अधिकार कानून के बारे में प्रचार-प्रसार का कार्य करना चाहिए। निःसंदेह, कानून बनने से उपभोक्ता अधिकारों के घेरे में आ गया है। जिसके तहत उपभोक्ता को स्वयं के हितों पर विचार करने के लिए बनाए गए विभिन्न मंचों पर प्रतिनिधित्व का अधिकार, अनुचित व्यापार पद्धतियों या उपभोक्ताओं के शोषण के विरुद्ध निपटान का अधिकार, सूचना संपन्न उपभोक्ता बनने के लिए ज्ञान और कौशल प्राप्त करने का अधिकार, अपने अधिकार के लिए आवाज उठाने का अधिकार, जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं के विपणन के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार, सामान अथवा सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, के बारे में जानकारी का अधिकार प्राप्त हुए हैं। वहीं उपभोक्ता को वस्तु एवं सेवा में दोष पाये जाने पर उपभोक्ता अदालतों में मुकदमा लड़ने व न्याय पाने का भी प्रावधान किया गया है। आज उपभोक्ता जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, बिना मानक की वस्तुओं की बिक्री, अधिक दाम, गारंटी के बाद सेवा नहीं देना, हर जगह ठगी, कम नाप-तौल इत्यादि संकटों से घिरा है। उपभोक्ता संरक्षण के लिए विभिन्न कानून बने हैं, इसके फलस्वरूप उपभोक्ता आज सरकार पर निर्भर हो गया है। जो लोग गैर-कानूनी काम करते हैं, जिन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होता है। उपभोक्ता चूंकि संगठित नहीं है इसलिए हर जगह ठगा जाता है। उपभोक्ता आंदोलन की शुरूआत यहीं से होती है। उपभोक्ता को जागना होगा व स्वयं का संरक्षण करना होगा। एक ऐसे समय में जहां आज उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही है। बाजार आकर्षण का अहम केंद्र बनकर उभर रहे हैं। विज्ञापनों का मायावी जाल उपभोक्ता को अपनी ओर खींच रहा है। वस्तु को बेचने की होड़ में हर सही गलत उपाय अपनाया जा रहा है। जीवन में सुख का अभिप्राय केवल भोग और उपभोग को माना जाने लगा हैं। ऐसे में झूठी शानो-शौकत के दिखावे के चक्कर में उपभोक्ता अविवेकशील होकर अनावश्यक चीजों को भी थैले में भरकर घर ला रहा है। बाजार एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के इस काले जादू के आगे उपभोक्ता बेबस एवं लाचार खड़ा है, जिसके कारण वस्तुओं की गुणवत्ता के स्तर में गिरावट आ रही है। कोई भी चीज मिलावट रहित मिलना अब संभव नहीं है। न चाहते हुए भी उपभोक्ता लूट का शिकार बन रहा है।



अशोक भाटिया

## उद्यमियों के लिए तनाव को प्रबंधित करने के लिए ग्राफोलॉजी एक महत्वपूर्ण उपकरण हो सकता है

**द्वारा: विनीत बंसोडे, द ग्राफोलॉजी रिसर्च इंस्टीट्यूट के संस्थापक**


**एक** व्यवसाय शुरू करना कई उद्यमियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन उसे बनाए रखना बड़ी चुनौती है। उद्यमिता के युग में, जब प्रतिस्पर्धक अगली बडा बनने का प्रयास कर रहा हो और इनोव्हेशन यह चर्चा का शब्द हो, तब तो यह और अधिक है। इन दिनों उद्यमियों को अक्सर ग्राहकों या बिक्री के नुकसान के बारे में आशंकाओं के साथ घेर लिया जाता है, कर्मचारियों के बीच काम साझा करने के मुद्दे, जिन्हें डेलिगेशन के रूप में जाना जाता है। ये डर और भावनाएं उनके व्यक्तित्व लक्षणों को सीधे प्रभावित करती हैं। कोई भी स्थायी व्यक्तित्व के साथ पैदा नहीं होता है। यह परिवर्तन और परिवर्तनों से गुजरता है और दबाव में आकार लेता है। हालांकि समय के साथ व्यक्तित्व लक्षण स्थिर रह सकते हैं, आप विशेषज्ञ ग्राफोलॉजिस्ट के मार्गदर्शन में कुछ 'दोष रेखाओं' की पहचान करने में सक्षम हो सकते हैं। जब विशेष रूप से आप तनाव और गतिशील चुनौतियों का सामना कर रहे हैं तो इनकी पहचान सर्वोपरि है। छुटकारा पाना या कम से कम अपने व्यक्तित्व के चिंता कारक लक्षणों को जानना ग्राफोलॉजी के उपयोग से सरल हो जाता है। ग्राफोलॉजी हाथ से लिखने और हस्ताक्षर विश्लेषण के माध्यम से विचार पैटर्न और व्यवहार संबंधी पहलुओं का अवलोकन प्रदान करता है। लिखावट और हस्ताक्षर विश्लेषण हस्तलिखित या हस्ताक्षर द्वारा प्रकट स्ट्रोक और पैटर्न के माध्यम से व्यक्तित्व की पहचान, मूल्यांकन और समझने की एक वैज्ञानिक विधि है। यह भावनात्मक उपरिशायी, भय, ईमानदारी, रक्षा और कई अन्य सहित सच्चे व्यक्तित्व को प्रकट करता है। पेशेवर हस्तलिपि परीक्षक जिन्हें ग्राफोलॉजिस्ट कहा जाता है, वे अक्सर लेखक को हस्तलेखन के नमूने के एक टुकड़े से पहचानते हैं। किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व की प्रारंभिक भविष्यवाणियां आधारभूत है ,किसी व्यक्ति की लिखावट में पाई जाती है। जैसे पेन/पेंसिल (लेखन साधन) दबाव, टी-बार, वाई या जे जैसे अक्षर के निचले लूप और लेखन की तिरछी पद्धति।



एक उद्यमी के रूप में, टीम के खिलाड़ी होने के मुद्दे एक अंतमुर्खी व्यक्तित्व के व्यक्ति के लिए एक लाल झंडा हो सकता है। ऊपर और नीचे स्ट्रोक के माध्यम से ड्राइंग लाइन द्वारा जांचें। पिछड़े ढलान एक अंतमुर्खी व्यक्तित्व का संकेत देते हैं और आगे की ढलान बहिमुर्खी व्यक्तित्व हैं। लेखन जो दाईं ओर उगता है, खुशमिजाज और आशावाद दिखाता है, जो नए युग के उद्यमी के लिए एक महत्वपूर्ण विशेषता है। दाहिनी ओर झुकना शारीरिक या मानसिक थकावट दर्शाता है। एक उद्यमी के रूप में,अगर किसी के पास लेखन का अधिक सतत प्रवाह हो तो उत्साह, आवेग और आवेगपूर्ण होने को भी जांचा जा सकता है। लिंक किए गए अक्षरों और कभी-कभी लिंक किए गए शब्दों के साथ लेखन को प्रवाहित करना, जिसे शब्दों के एक थ्रेडिंग के रूप में जाना जाता है-यह दर्शाता है कि उद्यमी अपने स्वयं को प्रमुख विभागों को रखना चाहेंगे और प्रतिनिधियों को नहीं जीतेंगे। शब्दों के बीच अंतर करने के लिए भी जाँच करनी चाहिए, यह सामाजिक दृष्टिकोण को इंगित करता है। शब्दों के बीच बड़ा अंतर इंगित करता है कि व्यक्ति अकेले रहने में सहज है और दूसरों को अविश्वास भी कर सकता है।देखिये, जहां लेखन मुख्य रूप से केंद्रित है और जहां जोर है। जैसे ही लेखक परिपक्व होता है, वह पत्र लेखन से जुड़ने की अधिक परिष्कृत विधि सीख लेता है जिसे कर्सिव राइटिंग कहा जाता है। चार सबसे आम संयोजी रूप माला, आर्केड, कोण और धागा हैं। हम में से कोई भी विशेष रूप से एक संयोजक का उपयोग नहीं करता है।

एक रूप आमतौर पर हावी होता है और दूसरा गौण होता है। माला संयोजी हस्तलेखन से पता चलता है कि व्यक्ति गर्म, सहानुभूतिपूर्ण और भावुक है। आर्केड या रिवर्स माला किसी व्यक्ति के रचनात्मक होने का गुण दर्शाता है। लेखक जो आदतन कोणों का उपयोग करता है, वे अक्सर विश्लेषणात्मक, तनावपूर्ण और आत्म-अनुशासित होते हैं। उद्यमियों को विशिष्ट लक्षण होने चाहिए परंतु, यदि कोई लक्षण अनुपस्थित हों तो यह परिभाषित नहीं होता कि वह व्यक्ति अक्षम है। आपके नियमित लेखन की आदतों में कुछ जाँचें और परिवर्तन आपको उन विशिष्ट लक्षणों से अवगत करा सकते हैं। होशपूर्वक सुबह सबसे पहले परिवर्तन का अभ्यास करना शुरू करें और जैसे-जैसे समय बीतता जाएगा, सचेतन अभ्यास एक आदत बन जाएगा। यदि अभ्यास से कोई भी परिपूर्ण बनाता है तो ग्राफोलॉजी पूर्णता का मार्ग है।

## बांद्रा में 9 फरवरी को पांच किलोमीटर की दौड़ का किया जा रहा आयोजन








**प्रत्येक** समाज को अपने सदस्यों की आकांक्षाओं और इच्छाओं की पूर्ति का संवहन करने का दायित्व होता है। सामाजिक धर्म यही है की उसका प्रत्येक सदस्य प्रसन्न हो और समाज के साधनो का उपयोग सभी व्यक्ति समान रूप से कर सके। इसके लिए समाज कतिपय नियम व मान्यताएँ निर्धारित करता है। किंतु समय के साथ साथ जब सामाजिक मान्यताओ का ह्रास होने लगता है तो अधिकांश व्यक्ति साधनहीन हो जाते है, तो समाज में अनेक बुराइयाँ प्रवेश कर जाती हैं, अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन हो जाती है। अनेक प्रकार की सामाजिक समस्याएँ हमारे सामने आकर खड़ी हो जाती है। सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी फोरम ASMSOC, NMIMS द्वारा स्थापित संगठन है जो समाज के शोषित वर्ग के उन्नति और सुधार के लिए कार्य करता है। SRF समाज के वंचित वर्गों को सुविधाओ से परिपूर्ण करने, उन्हें आशा एवं खुशी प्रदान करने और अधिकारो को मुहैया कराने के उद्देश्य से कार्य करता है। SRF द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रमो का मकसद समाज की कुरीतियाँ के बारे में समाज को जागरूक कर एक बेहतरीन कल की ओर अग्रसर करना है। SRF हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने मुख्य कार्यक्रम के साथ प्रस्तुत है। आरंभ के ग्यारहवा संस्करण का आयोजन करते हुए हमें अत्यंत गर्व का अनुभव हो रहा है। मुंबई शहर के दिल बांद्रा में एक पाँच किलोमीटर की दौड़ का आयोजन हो रहा है जहाँ शहर के कोने-कोने से हर उम्र और तबके के लोग प्रतिभागी के दौर पर आएँगे। हर साल SRF के द्वारा समाज के एक नए पहलू को रोशनी दी जाती है जो हमारे नीति-वाक्य "DREAM BELIEVE ACHIEVE" को सजीव रखता है। इसमें करीबन २००० लोग हिस्सा लेते है। इस वर्ष हमने जन साहस नामक संगठन के संग भागीदारी कर यौन शोषण को जड़ से हटाने की मुहिम छेड़ दी है। जन साहस एनजीओ सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित समुदायों के अधिकार, विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं, को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। SRF समाज के सभी कुरीतियों को विरोध करता है। समाज के हर एक व्यक्ति को सशक्त एवं स्वतंत्र रहने की प्रेरणा देता है एवं एक बेहतरीन ज़िंदगी की ओर अग्रसर करता है। **दिनांक: 9 फरवरी 2019, समय : 7.30, स्थान : बांद्रा, बैंड्स्टैंड, इस पहल का हिस्सा बनने के लिए, संपर्क करें, कार्तिक बिंदल- 9425958589.**



## अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस की गर्लफ्रेंड के भाई ने बेजोस के खिलाफ मानहानि का केस किया

**अमेजन** के फाउंडर-सीईओ जेफ बेजोस की गर्लफ्रेंड लॉरेन सांचेज के भाई माइकल सांचेज ने बेजोस के खिलाफ मानहानि का केस कर दिया है। बेजोस ने आरोप लगाया था कि लॉरेन के साथ उनकी निजी तस्वीरें और मैसेज माइकल ने लीक किए थे। माइकल ने इन आरोपों को गलत बताया है। माइकल का कहना है कि आरोपों की वजह से उनकी बदनामी हुई। उनके घर एफबीआई का छापा भी पड़ा, इस वजह से पड़ोसियों के सामने छवि खराब हुई। अमेरिकी मैगजीन नेशनल एनक्वायरर ने पिछले साल जनवरी में बेजोस और लॉरेन की तस्वीरों के साथ उनके अफेयर का खुलासा किया था। माइकल ने कहा है कि जब बेजोस और लॉरेन की तस्वीरें लीक हुई थीं, उस वक्त वह एक जिम्मेदार भाई और मैनेजर की भूमिका निभा रहा था। लीक मामले में उसका हाथ नहीं था। पिछले हफ्ते अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह रिपोर्ट दी थी कि माइकल को नेशनल एनक्वायरर से 2 लाख डॉलर मिले थे। सरकारी वकीलों के पास इस बात के सबूत हैं कि लॉरेन ने ही अपने भाई माइकल को मैसेज उपलब्ध करवाए थे। माइकल ने वे मैसेज मीडिया को बेच दिए। उधर, लॉरेन ने बेजोस के खिलाफ केस को आधारहीन बताया है। बेजोस के फोटो लीक मामले में दो हफ्ते पहले एक और मोड़ तब आया, जब ब्रिटेन के अखबार द गॉर्जियन ने रिपोर्ट दी कि बेजोस का फोन हैक करने में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का हाथ हो सकता है। हालांकि, सऊदी अरब ने इससे इनकार किया है। दुनिया के सबसे बड़े अमीर जेफ बेजोस ने पूर्व पत्नी मैकेंजी से पिछले साल तलाक ले लिया था। नेशनल एनक्वायरर ने कहा था कि लॉरेन से रिलेशनशिप में होने की वजह से ही बेजोस ने तलाक का फैसला लिया।



# मूर्ति विसर्जन के दौरान हमले में जेडीयू नेता की हत्या, प्रदर्शनकारियों ने धार्मिक स्थल में लगाई आग

**पटना।** बिहारशरीफ के शेखपुरा में शनिवार की रात जेडीयू नेता अमित वशिष्ठ की हत्या के बाद भड़के पार्टी कार्यकताओं और वशिष्ठ के समर्थकों ने रविवार को एक धार्मिक स्थल में आग लगा दी। पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई, हालांकि धार्मिक स्थल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन विरोधी नारे भी लगाए।

खबरों के मुताबिक, अमित वशिष्ठ उर्फ नंद किशोर कुशवाहा के समर्थक रविवार को शेखपुराके पास बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और टायर में आग लगाकर सकड़ पर आवागमन रोक दिया। इसकी वजह से घंटों तक यातायात बाधित कर रहा। इसके बाद प्रदर्शनकारियों का एक ग्रुप दल्लू चौक गया, और एक धर्मस्थल में आग



लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने आसपास की दुकानों को भी जबरन बंद करा दिया।

स्थानीय निवासी रणजीत कुमार ने कहा कि प्रदर्शनकारी जेडीयू नेता पर हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया, 'अचानक अफवाह उड़ी कि पीएमसीएच में इलाज के लिए एडमिट एक अन्य घायल मिंटू कुमार की मौत हो गई है, इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने एक धार्मिक स्थल पर हमला कर दिया।' हालांकि अभी तक दूसरी मौत की न तो पुष्टि हुई और न ही किसी अधिकारी ने इनकार किया।


सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने धर्मस्थल को नुकसान पहुंचाने के मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की है। हालांकि स्थानीय निवासियों को भरोसे में लेने के लिए पुलिस ने इलाके में एक फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को यह भी आश्वासन दिया कि वे जेडीयू नेता पर हमले में शामिल लोगों को जल्द गिरफ्तार करेंगे। शेखपुराके एसपी दया शंकर अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ इलाके में डेरा डाले हुए हैं, इलाके के हालात तनावपूर्ण बताए जा रहे हैं।

आपको बता दें कि शनिवार शाम अरियरी थाना के सनैया गांव में मूर्ति विसर्जन यात्रा निकाली जा रही था। यात्रा में तेज आवाज में डीजे बज रहा था। गांव के लोगों ने विसर्जन के लिए जा रहे लोगों से डीजे बंद करने को कहा। जिसके बाद शुरू हुई कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। कुछ लोगों ने बंदूक निकालकर फायरिंग और पत्थरबाजी शुरू कर दी। गोलीबारी और पत्थरबाजी के बीच जेडीयू नेता अमित वशिष्ठ उर्फ नंदकिशोर कुशवाहा की मौत हो गई थी।

## सीएए के समर्थन में बड़ा प्लान कर रहे थे रणजीत, इसी वजह से हुई हत्याः कालिंदी बच्चन

**लखनऊ।** विश्व हिंदू महासभा के अध्यक्ष रणजीत बच्चन की लखनऊ में दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में एक ओर पुलिस जहां कई ऐंगल्स से जांच में जुटी है, वहीं उनकी पत्नी कालिंदी का कहना है कि सीएए का समर्थन करने की वजह से रणजीत की हत्या हुई है। कालिंदी का यह भी कहना है कि वह और रणजीत की दूसरी पत्नी दोनों रजामंदी से रणजीत के साथ थीं और उनके बीच कोई विवाद नहीं रहा।

एनबीटी ऑनलाइन ने रणजीत बच्चन की पत्नी कालिंदी शर्मा बच्चन से बात की। कालिंदी ने कहा, 'रणजीत जल्द ही नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर एक भव्य आयोजन करने वाले थे। उनकी योजना थी कि पूरे उत्तर प्रदेश में साइकल यात्रा के जरिए लोगों को नागरिकता कानून के बारे में जागरूक किया जाए। इससे पहले ही इस घटना को अंजाम दे दिया गया।' उन्होंने आशंका जताई कि रणजीत



की हत्या की वजह भी सीएए का समर्थन ही है। वह सोशल मीडिया पर भी लगातार इसके समर्थन में पोस्ट डालते थे।

कालिंदी ने कहा, 'मैं रणजीत की पहली पत्नी हूं। तीन शादियों की बात पूरी तरह से गलत है। उनकी दूसरी पत्नी का नाम स्मृति वर्मा है। वह लखनऊ के विकासनगर क्षेत्र की रहने वाली है। मेरे पति मेरे साथ ही रहते थे। हां, कभी-कभी वह स्मृति से मिलने जाते थे। हम राजी खुशी रहते थे। हां, शुरूआत में मैंने इन चीजों का विरोध किया था, जो कि स्वाभाविक है। विरोध के बात मैंने उनके रिश्ते को स्वीकार कर लिया था। मेरी 30 मार्च 2014 में शादी हुई थी। स्मृति के साथ उनकी शादी 18 जनवरी 2015 को हुई थी।'

यूपी की राजधानी लखनऊ में हिंदूवादी नेता और विश्व हिंदू महासभा के अध्यक्ष रणजीत बच्चन की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार शाम दो संदिग्ध हमलावरों का सीसीटीवी फुटेज भी जारी की थी। पुलिस ने आरोपियों के संबंध में जानकारी देने वाले को 50 हजार रुपये इनाम देने का ऐलान किया है। पुलिस ने हत्याकांड के खुलासे के लिए फिलहाल 8 टीमें लगाई हैं। उधर, मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में चौकी इंचार्ज समेत चार पुलिसवालों को सस्पेंड भी कर दिया गया है।

## केस वापस नहीं लेने पर हापुड़ में रेप विक्टिम पर फेंका तेजाब, मां-बाप को भी पीटा

**हापुड़।** यूपी के हापुड़ में केस वापस नहीं लेने पर नाबालिग रेप पीड़िता पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है। कथित रूप से आरोपियों ने पीड़िता के मां-पिता और भाई की बुरी



तरह पिटाई की। गंभीर रूप से झुलसी युवती के दोनों पैर जल गए हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एएसपी सर्वेश मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आरोप है कि कोर्ट में सुनवाई से पहले गांव के ही कुछ लोग केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। रविवार को दबंगों ने घर में घुसकर युवती के परिवार के साथ मारपीट भी की। इस दौरान उन्होंने केस पीछे हटने का दबाव भी बनाया। इनकार करने पर दबंगों ने विक्टिम और उसके परिवार पर हमला कर दिया। पीड़िता के घरवालों के मुताबिक, कोर्ट में 7 फरवरी को सुनवाई है और उसी दिन कोर्ट में युवती के बयान भी दर्ज होने हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, पुलिस मामले को कूड़े में पानी डालने का विवाद बता रही है।

एएसपी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश है। युवती पर ऐसिड अटैक मामले में जांच की जा रही है। बाबूगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम सिंह राठौर ने बताया कि मामले में परिवार की तहरीर पर 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती ने 2 सितंबर 2019 में दिलशाद पर रेप का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने उसे अरेस्ट कर जेल भेज दिया था। आरोप है कि दिलशाद के परिवारवाले केस वापस लेने का दबाव बना रहे थे। युवती के पिता ने बताया कि रविवार सुबह आरोपी पक्ष के लोगों ने हथियारों के बल पर घर में घुसकर सभी के साथ मारपीट की। उन्होंने केस वापस नहीं लेने पर युवती पर तेजाब फेंक दिया। इससे उसके दोनों पैर जल गए। परिवार ने विरोध किया तो आरोपियों ने युवती की मां, भाई और पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। हालांकि, पुलिस कूड़े में पानी डालने पर विवाद की बात कर रही है। एएसपी सर्वेश मिश्रा और सीओ सिटी राजेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश है। इनका पिछले काफी समय से मुकदमा भी चल रहा है। रविवार को हुई घटना में घर के सामने कूड़े में पानी डालने की बात सामने आ रही है। वहीं, युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## क्राइम शो देखकर बच्चे को किया किडनैप, 2 अरेस्ट

**रणहौला।** क्राइम शो देखने का ऐसा चस्का लगा कि दो युवकों ने उसी आइडिए पर एक मासूम बच्चे का अपहरण कर लिया। ये भी सीख लिया कि कैसे पुलिस से बचा जा सकता है। लेकिन रील और रियल लाइफ में फर्क करना भूल गए। वारदात को अंजाम तो दे दिया, लेकिन चंद घंटे में ही पुलिस ने पकड़ लिया। बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू भी करा लिया। आरोपियों की पहचान कुलदीप और राहुल कुमार के रूप में हुई है। इन्होंने 5 लाख की फिरौती मांगी थी। बच्चे को सकुशल छुड़ाकर परिवार को सौंप दिया है।

## बीजेपी नेता संबित पात्रा ने शाहीन बाग का बता शेयर किया विडियो, कर्बला और कुबार्नी की बात

**नई दिल्ली।** शाहीन बाग प्रदर्शन को लेकर रोजाना नए विडियो सामने आ रहे हैं। शरजील इमाम का मामला पूरी तरह थमा भी नहीं था कि एक और विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर यह विडियो वायरल हो रहा है

बीजेपी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने अपने ट्विटर हैंडल पर इस विडियो को शेयर किया है। साथ में उन्होंने लिखा, दोस्तों क्या आप बता सकते है ये कहाँ का विडियो है। अगर यह वाकई वहीं का विडियो है तो खतरनाक है। अब समझ में आ रहा है क्यों तौहीनबाग के छोटे बच्चे भी मोदी जी और अमित शाह जी को मारने की बात करते है। संबित पात्रा ने अंत में लिखा है कि कहीं ज्यादा देर ना हो जाए, इसलिए संभलने की जरूरत है।

इस विडियो में एक महिला कह रही है कि हमने अपने बच्चों को ट्विंकल-ट्विंकल नहीं सिखाया है। इस



विडियो में कर्बला और कुबार्नी की बात की जा रही है। नवभारत टाइम्स इस विडियो की पुष्टि नहीं करता है, लेकिन सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि यह विडियो शाहीन बाग में ही फिल्माया गया है।

एनआरसी, एनपीआर और सीएए के खिलाफ पिछले करीब दो महीने से शाहीन बाग में प्रदर्शन जारी है। पिछले एक हफ्ते में तीन गोलीबारी की घटना हो चुकी है। रविवार रात को भी कुछ अज्ञात लोगों ने वहां हवाई फायरिंग की थी। हालांकि पुलिस ने इस घटना की फिलहाल पुष्टि नहीं की है। मामले की जांच की जा रही है।

# Valentine's Day 2020: पार्टनर संग रोमांस के लिए बेस्ट हैं ये जगहें

वैलेंटाइन वीक के मौके पर हर कपल एक-दूसरे के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताना चाहता है। कपल्स अकसर इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि कहां घूमने जाएं। वैलेंटाइंस डे वीक आने में ज्यादा समय नहीं बचा है। ऐसे में कई कपल्स ने घूमने का प्लान बना लिया होगा तो वहीं कुछ कपल्स जरूर इस असमंजस में होंगे कि आखिर इस रोमांटिक मौसम का लुत्फ उठाने के लिए कौन-सी खूबसूरत जगहों का रुख किया जाए। अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं तो फिर हम कुछ ऐसी जगहों के बारे में बता रहे हैं जहां जाकर आप वैलेंटाइंस डे मना सकते हैं:

**कुमारकोम, केरल**

केरल का कुमारकोम वेम्बानंद झील के किनारे बसा है। यहां की शांति और खूबसूरती आपके दिल में बसने लायक है। यहां आप अपने पार्टनर के साथ बैकवॉटर क्रूज का आनंद ले सकते हैं। यहां आप बोट रेस, बैकवॉटर हाउसबोट क्रूज, फिशिंग और अन्य चीजों को मजा ले सकते हैं। चाहो तो आप बोट पर खड़े होकर टाइटैनिक स्टाइल में भी रोमांस का मजा ले सकते हैं। कुमारकोम भले ही छोटा शहर है, लेकिन यहां की नैचरल ब्यूटी आपके रोम-रोम में बस जाए। यहां आप चाहें तो अपने लिए प्राइवेट बोट भी बुक कर सकते हैं।

**आगरा का ताज महल**

जब बात प्यार और रोमांस की हो, तो फिर प्यार के प्रतीक ताज महल को कैसे भूला जा सकता है। तो फिर देर किस बात की, इस वैलेंटाइंस डे पर आप ताज महल घूमने भी जा सकते हैं। यहां आप रोमांटिक अंदाज में फोटोशूट से लेकर साथ में क्वॉलिटी टाइम तक बिता सकते हैं। हालांकि ध्यान रखें कि यहां के लिए आप एडवांस में ही बुकिंग करा लें क्योंकि वैलेंटाइंस डे के मौके पर हर साल बड़ी संख्या में कपल्स यहां आते हैं।



**हैवलॉक आइलैंड**

अंडमान के हैवलॉक आइलैंड की तो बात की कुछ और है। टूरिस्टों के बीच पॉप्युलर डेस्टिनेशन्स में से एक हैवलॉक आइलैंड पर भी आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। यह एक ऐसी जगह है जो स्पेशली कपल्स के लिए ही बनी है और इसीलिए वैलेंटाइन वीक के दौरान यहां जाने वाले कपल्स की संख्या कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। चाहे हनीमून हो या फिर कैजुअल रोमांटिक ट्रिप, हैवलॉक आइलैंड प्रेमियों की पसंद है।

**कश्मीर की वादियां और 'हम तुम'**

कश्मीर के बारे में कहा जाता है कि धरती पर अगर कहीं स्वर्ग है तो वह यहीं है। तो फिर क्या आप नहीं चाहेंगे कि आप अपने पार्टनर को धरती पर स्थित इस स्वर्ग में नहीं ले जाना चाहेंगे? वैसे भी कश्मीर में ज्यादातर कपल्स हनीमून मनाने के लिए ही आते हैं तो फिर देर किस बात की कश्मीर की बर्फीली वादियों में 'इश्क का रंग' ओढ़ने के लिए तैयार हो जाएं। हालांकि अभी एक-दो दिन वहां जाने से बचें क्योंकि वहां बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। लेटलतीफी कार्यालय में भारी पड़ सकती है। किसी से पैसों के लेनदेन में सावधानी बरतें।

**वृष**
मौसम की प्रतिकूलता स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है इसलिये सचेत रहें। व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। धार्मिक आयोजनों में सक्रियता से हिस्सा लेंगे।

**मिथुन**
कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है इसलिये सावधान रहें। आर्थिक मसलों को पारदर्शिता से निपटाएं। व्यापार में लाभ की संभावना है।

**कर्क**
कोई अनचाहा कार्य आपको परेशानी में डाल सकता है। अपने कार्य के प्रति लापरवाही ठीक नहीं है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे।

**सिंह**
नौकरी में पदोन्नति के साथ स्थानांतर के योग बन रहे हैं। नए दायित्व को लेकर खुशी मिल सकती है। कोई पुरानी बीमारी अचानक उभर सकती है।

**कन्या**
कहीं से नौकरी को लेकर आकर्षक प्रस्ताव सामने आ सकता है लेकिन अपने विवेक से सोच समझकर ही निर्णय लें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल रहे हैं।

**तुला**
मेहमानों के आगमन से घर में खुशी का माहौल रहेगा। कोई अपना ही आपको भ्रमित कर सकता है इसलिये सतर्क रहें। बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व दें।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को विवाह के मौके मिल सकते हैं। परिवार में खुशी का क्षण उपस्थित हो सकता है। मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है।

**धनु**
कार्यालय में कुछ परेशानी आ सकती है। आपकी लापरवाही से अधिकारी के आक्रोश का शिकार हो सकते हैं। अपने दायित्व को ठीक तरह से निभाएं।


**मकर**
आपका मनमाना रवैया दूसरों को परेशानी में डाल सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। मौसम का परिवर्तन स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।

**कुंभ**
परिवार के लोगों के साथ धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा के दौरान चोरी, दुर्घटना का भय भी है। बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की चिंता परेशान कर सकती है।

**मीन**
दिन शुभ रहेगा। आपकी सक्रियता और कार्यशैली लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सकती है। अभी कहीं यात्रा का कार्यक्रम बनाने से बचें क्योंकि समय अनुकूल नहीं है।

# ये है दुनिया का अनोखा गांव, जहां बात करते-करते सो जाते हैं लोग

आजकल की बिगड़ती लाइफस्टाइल ने जहां लोगों से उनकी नींद छीन ली है। वहीं दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जहां लोग कभी भी सो जाते हैं। कहीं भी सो जाते हैं। बात करते-करते हैं। सड़क पर चलते-चलते वे नींद के आगोश में चले जाते हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये कैसे संभव है। अचानक बात करते- करते या फिर चलते-चलते किसी को नींद कैसी आ सकती है तो आपको बता दें कि ये बिल्कुल ठीक बात है। ये मामला कजाकिस्तान का है। यहां के कलाची गांव में लोग कभी भी सो जाते हैं। लोगों की नींद का आलम ये है कि वे रहस्मयी तरीके सो जाते हैं और फिर कभी-कभी महीनों तक नहीं उठते। वहीं जब ये लोग सोकर उठते हैं तो फिर उन्हें कुछ याद नहीं रहता है। ये लोग सोकर जागने के बाद कुछ अजीबो-गरीब बातें करने लगते हैं।



वहीं कलाची गांव का ये मामला पहली बार साल 2010 में सामने आया था। कुछ बच्चे अचानक स्कूल में गिर गए थे और सोने लगे थे। इसके बाद इस बीमारी के शिकार लोगों की संख्या बढ़ने लगी। तभी से वैज्ञानिक इस गांव पर रिसर्च कर रहे हैं। हालांकि अभी तक वैज्ञानिक या डॉक्टर किसी सटीक नतीजे पर नहीं पहुंच पाए हैं। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्लीपिंग डिसऑर्डर की एक वजह यूरेनियम माइंस हैं।यूरेनियम से निकली गैस हमारे शरीर पर काफी असर डालती है। इस गैस से लोग बेहोश तक हो सकते हैं।

**लोग कर रहे हैं पलायन**

इस बीमारी की वजह से लागातार लोग इस गांव से पलायन कर रहे हैं। पिछले कुछ समय से यहां काफी लोग दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं।

# न्यू जीलैंड को 7 रनों से हराकर टीम इंडिया ने रचा इतिहास, 5-0 से सीरीज जीतने वाली दुनिया की पहली टीम



**माउंट माउंगानुई।** भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यू जीलैंड को टी-20 इंटरनैशनल सीरीज के 5वें मैच में 7 रनों से हरा दिया। माउंट माउंगानुई में मिली इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया है। इस तरह भारत 5 मैचों की किसी द्विपक्षीय टी20 सीरीज के सभी मैच जीतने वाली पहली टीम बन गई है।भारतीय टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों 3 विकेट पर 163 रन बनाए। जवाब में न्यू जीलैंड की टीम 9 विकेट पर 156 रन ही बना सकी। टीम इंडिया के लिए जसप्रीत बुमराह ने 12 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि नवदीप सैनी और शार्दुल ठाकुर को दो-दो विकेट मिले।

न्यू जीलैंड ने इससे पहले अपनी मेजबानी में तीन या उससे अधिक मैचों की द्विपक्षीय टी20 सीरीज के सभी मैच नहीं गंवाए थे। साल 2005 के बाद से अपने घर पर किसी द्विपक्षीय टी20 सीरीज में सभी मैच हारने का वाकया केवल एक बार हुआ, जब फरवरी 2008 में उसे इंग्लैंड ने 2-0 से मात दी।

इससे पहले सीरीज के पहले चार मैच जीतने के कारण भारत ने कप्तान विराट कोहली को विश्राम दिया और बल्लेबाजी लाइनअप में बदलाव किए। रोहित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित शर्मा (60) और केएल राहुल (45) की पारियों की बदौलत भारत ने न्यू जीलैंड के खिलाफ 3 विकेट पर 163 रन बनाए। रोहित ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 41 गेंदों पर 60 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं। उन्होंने केएल राहुल (33 गेंदों पर 45) के साथ दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। इनके अलावा श्रेयस अय्यर ने 31 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए।

मैच में कप्तान के तौर पर वापसी करने वाले रोहित पारी का आगाज करने नहीं उतरे। उनकी जगह पारी की शुरूआत करने वाले संजू सैमसन (दो) दूसरी बार मौके का फायदा नहीं उठा पाए और दूसरे ओवर में ही शॉर्ट कवर पर कैच देकर पवेलियन लौट गए। राहुल ने न्यू जीलैंड के कार्यवाहक कप्तान साउदी के पारी के तीसरे ओवर में ही एक छक्का और दो चौके लगाए और फिर स्कॉट कगलिन पर खूबसूरत छक्का लगाया।

भारत ने पावरप्ले में एक विकेट पर 53 रन बनाए। रोहित ने रन गति बनाए रखने में पूरा योगदान दिया। सैंटनर और ईश सोढ़ी पर सहजता से जमाए गए छक्के से उनके कौशल का पता चलता है। उन्होंने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले साउदी पर चौका जड़कर 35 गेंदों पर अपना 21वां अर्धशतक पूरा किया और फिर सोढ़ी की गेंद छह रन के लिए भेजी। जब तक रोहित और राहुल क्रीज पर थे तो भारत अच्छी स्थिति में लग रहा था लेकिन स्कॉट कगलिन (25 रन देकर 2) और हामिश बेनेट (21 रन देकर 2) ने 200 के करीब स्कोर तक नहीं पहुंचने दिया।

राहुल के आउट होने से भारतीय लय गड़बड़ाई, जबकि इसके बाद रोहित पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पवेलियन लौट गए। रोहित के बाहर लौटने के बाद भारत ने अंतिम 20 गेंदों पर केवल 25 रन बनाए। इनमें साउदी (चार ओवर 52 रन) का अंतिम ओवर भी शामिल हैं, जिसमें मनीष पांडे (चार गेंदों पर नाबाद 11) ने छक्का और चौका लगाया। अय्यर ने 12वें ओवर में क्रीज पर कदम रखने पर साउदी और मिशेल सैंटनर पर छक्के लगाए थे लेकिन डेथ ओवरों में वह अपेक्षित तेजी नहीं दिखा पाए। 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कीवी टीम की शुरूआत खराब रही। दूसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने मार्टिन गप्टिल (5) को पगबाधा किया तो तीसरे ओवर में छक्का और चौका लगाने के बाद कोलिन मुनरो (15) वॉशिंगटन सुंदर की गेंद पर बोल्ट हो गए। पारी संभलती कि चौथे ओवर में टॉम ब्रूस (0) रन आउट हो गए। सिफर्ट नवदीप सैनी के ओवर की दूसरी बॉल पर तेजी से रन चुराना चाहते थे, लेकिन ब्रूस क्रीज में पहुंचते इससे पहले ही राहुल ने गजब की फुर्ती दिखाते हुए स्टंप्स बिखेर दिए। उनका विकेट 17 रनों के टीम स्कोर पर गिरा था।

# इयान चैपल बोले- विराट कोहली बेस्ट कप्तान, विदेशों में भारत का रिकॉर्ड बेहतर हुआ



**सिडनी।** चैपल ने विदेशों में टीम को सफलता दिलाने के लिए कोहली की तारीफ की5 मैचों की टी-20 सीरीज में भारत ने न्यूजीलैंड का 5-0 से सफाया कर दिया।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज इयान चैपल ने विदेशों में टीम इंडिया को सफलता दिलाने के लिए भारतीय कप्तान विराट कोहली की तारीफ की। भारत ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में जीत दर्ज करके सीरीज को 5-0 से अपने नाम किया। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर लिखा, जब वह पहली बार कप्तान बने, खासकर टेस्ट टीम के तो मुझे लगा कि उनका अत्यधिक भावनात्मक स्वभाव उनकी नेतृत्व क्षमता के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके उलट उन्होंने अपनी भावनाओं का इस्तेमाल इस तरह से किया कि वह टीम के खिलाफ नहीं गया। उन्होंने कहा, ह्यऐसा इसलिए संभव हो सका क्योंकि वह खेल में अपने दृष्टिकोण को लेकर बिलकुल स्पष्ट हैं। चैपल ने कहा कि भारतीय टीम कोहली की कप्तानी में बहुमुखी प्रतिभा की धनी हुई है जिससे टीम ने विदेशों में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, कोहली के नेतृत्व में भारतीय टीम की एक और खासियत लगातार अच्छा प्रदर्शन करना रहा है। तीनों प्रारूप की अलग-अलग चुनौतियों के बाद भी टीम लगातार जीत दर्ज कर रही है। टीम बहुमुखी प्रतिभा की धनी हो गई है जिससे वे विदेशों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस पूर्व दिग्गज ने कहा, टीम में इस जीतने वाली मानसिकता का निर्माण करने के लिए तीनों प्रारूप के कप्तान कोहली को श्रेय दिया जाना चाहिए। जब एक कप्तान नियमित रूप से सफलतापूर्वक टीम का नेतृत्व करता है खासकर जब हार के जबड़े से टीम को जीत दिलाता है तब टीम यह मानने लगती है कि वह चमत्कारी खिलाड़ी है। बता दें कि भारत ने न्यूजीलैंड का 5-0 से सूपड़ा साफ कर दिया। टी-20 इंटरनेशनल के इतिहास में टीम इंडिया ने कमाल कर दिखाया और द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में 5-0 से जीत हासिल करने वाली पहली टीम बन गई। अब दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी, जिसकी शुरूआत बुधवार 5 फरवरी से होगी।

# सेना ने सीनियर हाकी पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता

**झांसी।** सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) ने रविवार को यहां फाइनल में एयर इंडिया खेल संवर्धन बोर्ड (एआईएसपीबी) को 3-1 से हराकर 10वीं हाकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप (ए वर्ग) का खिताब जीत लिया। दूसरी तरफ पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) ने मेजर ध्यानचंद हाकी स्टेडियम में पंजाब एवं सिंध बैंक को 3-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। खिताबी मुकाबले में राहुल कुमार राजभर (33वें मिनट), जोबनप्रीत सिंह (43वें मिनट) और अजिंक्य जाधव (45वें मिनट) ने एसएससीबी की ओर से गोल दागे जबकि एआईएसपीबी की ओर से एकमात्र गोल विष्णु सिंह ने 47वें मिनट में किया।

## सबसे महंगा ओवरः 10वें आवेर में शिवम ने दिए 34 रन

**नई दिल्ली।** इसके बाद टिम सिफर्ट और रॉस टेलर ने मोर्चा संभाला। इस दौरान पारी का 10वां ओवर भारतीय फैन्स के लिए दिल तोड़ने वाला रहा। इस ओवर में शिवम दुबे को 4 छक्के और 2 चौके समेत कुल 34 रन पड़े। ओवर की शुरूआत सिफर्ट ने छक्के से की। दूसरी गेंद पर भी छक्का लगाया, जबकि तीसरी गेंद पर चौका। चौथी गेंद पर एक रन लेकर सिफर्ट ने छोर बदला तो रॉस टेलर ने चौके से स्वागत किया, लेकिन यह गेंद नोबॉल रही। इसके बाद टेलर ने लगातार दो छक्के जड़ दिए। इस तरह ओवर से कुल 34 रन खर्च कर दिए। यह टी-20 इंटरनैशनल में किसी भी भारतीय का सबसे महंगा ओवर रहा। इससे पहले स्टुअर्ट बिन्नी ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ 2016 में 32 रन दिए थे।

# शाकाहार, योग और ध्यान... खुला ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच की फिटनेस का राज

**मेलबर्न।** 8वां ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतकर महानतम टेनिस खिलाड़ियों की जमात में शामिल होने वाले नोवाक जोकोविच ने इस शानदार फॉर्म का श्रेय शाकाहार, योग और ध्यान को दिया है। युद्ध झेलने वाले बेलग्राद में पैदा हुए सर्बिया के इस टेनिस स्टार ने सूखे स्विमिंग पूल में अभ्यास करके टेनिस का ककहरा सीखा। अब रेकॉर्ड 14 करोड़ डालर ईनामी राशि के साथ मोंटे कार्लो में महल सरीखे घर में रहते हैं। अपने करियर में कई उतार चढ़ाव झेल चुके जोकोविच अब पहले से अधिक परिपक्व और मंझे हुए नजर आते हैं।

पिछले साल करीब पांच घंटे चला विंबलडन फाइनल और 2012 में पांच घंटे 53 मिनट तक चला ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल उन्होंने जीता। अब तक 17 ग्रैंड स्लैम जीत चुके 32 वर्ष के जोकोविच की नजरें रोजर फेडरर और रफेल नडाल का रेकॉर्ड तोड़ने पर लगी है। जोकोविच की दिनचर्या अनूठी और अनुकरणीय है। वह सूर्योदय से पहले अपने परिवार के साथ उठ जाते हैं, सूर्योदय देखते हैं और उसके बाद परिवार को गले लगाते हैं, साथ में गाते हैं और योग करते हैं। दो बच्चों के पिता जोकोविच पूरी तरह से शाकाहारी हैं।

नेटफ्लिक्स की डाक्यूमेंट्री ह्यद गेम चेंजर्स में उन्होंने कहा, ह्यउम्मीद है कि मैं दूसरे खिलाड़ियों को शाकाहार अपनाने के लिए प्रेरित कर सकूंगा। 8वां ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने का जश्न उन्होंने पार्टी करके नहीं बल्कि शहर के बोटेनिकल गार्डन में अंजीर के पेड़ पर चढ़कर मनाया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बेटी सारा के साथ कार्तिक आर्यन की जोड़ी पर सैफ अली खान ने दिया बयान



**सारा** अली खान और कार्तिक आर्यन की जोड़ी को फैन्स बहुत पसंद करती है। दोनों साथ में फिल्म 'लव आज कल' में नजर आने वाले हैं। बता दें कि जबसे दोनों ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी तभी से दोनों के रिलेशन की खबरें खूब वायरल होने लगी थी। दोनों साथ में पार्टीज और डिनर पर स्पॉट भी किए गए। लेकिन फिर खबर आई कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। लेकिन हाल ही में दोनों के बीच फिर अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। अब सैफ अली खान से हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सारा और कार्तिक के रिलेशन के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, 'दोनों की केमेस्ट्री बहुत इंट्रेस्टिंग है। उन्होंने कहा कि लव आज कल के लिए दोनों की केमेस्ट्री सबसे महत्वपूर्ण है।' सैफ ने आगे कहा, 'दोनों ही पॉपुलर एक्टर हैं और दोनों के बीच की केमेस्ट्री लोगों को अट्रैक्ट करेगी। मुझे पूरा यकीन है कि दर्शकों की भीड़ इस फिल्म को देखने जाएगी।' बता दें कि इससे पहले सैफ ने बेटी सारा और कार्तिक की फिल्म 'लव आज कल' के ट्रेलर को लेकर कहा था कि मेरी फिल्म का ट्रेलर बेहतर था।







# फिल्म शूटिंग के दौरान अर्जुन कपूर को लगी चोट

**अर्जुन कपूर** सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं और अक्सर अपने से जुड़े फोटोज और विडियोज शेयर करते रहते हैं। इसके अलावा ऐक्टर अपने फैंस को अपने प्रॉजेक्ट से जुड़ी जानकारी भी देते रहते हैं। अब, उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, इसमें सिर्फ चोटिल पैर दिखाई दे रहे हैं। बॉलिवुड ऐक्टर अर्जुन कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके चोटिल पैर नजर आ रहे हैं। ऐक्टर ने अपने पैर की एड़ी आइस पैक लगा हुआ है। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनके यह चोट फिल्म की शूटिंग के दौरान लगी है। अर्जुन कपूर इस समय रकुल प्रीत सिंह के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले साल पंजाब में शुरू हुई थी। बताते चलें कि अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत सिंह जिस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, उसका टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह एक फैमिली ड्रामा कॉमिडी फिल्म होगी। फिल्म की कहानी क्रॉस-बॉर्डर रोमांस पर बेस्ड होगी।

# तब मेरा पूरा बदन टेढ़ा हो गया था: मौनी रॉय

**टीवी** की जानी-मानी अभिनेत्री मौनी रॉय अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की हीरोइन बनने के बाद अब 'मेड इन चाइना' में राजकुमार राव की हीरोइन बनकर आ रही हैं। एक इंटरव्यू में मौनी रॉय ने बताया कि एक समय वाकई बहुत मुश्किल दौर था, जब मैं एलफोर-एलफाइव के डीजनरेशन का शिकार हो गई थी। यह स्पाइन से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जहां आपकी डिस्क, जॉइंट्स, नर्वस सिस्टम और सॉफ्ट टिश्यूज प्रभावित होते हैं। मेरा कंप्लीट डीजनेरेशन हो गया था। बहुत कम लोगों को मेरी इस बीमारी की जानकारी है। मैं ठीक से खड़ी भी नहीं हो पाती थी। मेरा पूरा बदन टेढ़ा हो गया था। मुझे एक दिन में 36 गोलियां खानी पड़ती थीं। तब लगता था कि मेरी जिंदगी खत्म हो गई है। उसी दौर में मैंने अपने पिता को भी खो दिया। मेरी मॉम एक अलग तरह के डिप्रेशन से गुजर रही थीं। शारीरिक तौर पर दर्द और अक्षम होने के कारण मैं काम भी नहीं कर पा रही थी। 6 महीने तक मैं बिस्तर से लगी रही। मगर मैंने हिम्मत से काम लिया और आज आपके सामने हूं।

